हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 9 जनवरी 2024

06 सड़क तक सामान जमाने वाले 26 दुकानदारों...



08 जल्दी अमीर बनने की चाहत में की बड़ी चोरी अमीर तो...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 3000 | 4450 |
| गेहूं 1544 | 2300 | 3401 |
| चना | 4800 | 5425 |
| मसूर | 5300 | 6240 |
| सोयाबीन | 3500 | 4750 |
| सरसों | 4200 | 5780 |
| धान | 2100 | 4263 |
| उड़द | 4880 | 4880 |
| मक्का | 1882 | 1882 |



## धूप निकली, ठंड से मिली राहत, मौसम विभाग ने जताई बारिश होने की संभावना

**विदिशा।** पिछले एक सप्ताह से विदिशा में कोहरा और शीत लहर चलने से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। कोहरा और सर्द हवाओं से दिन का तापमान लुढ़क गया है। जिसके चलते रविवार को अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था। सोमवार की सुबह 10 बजे के बाद हल्की धूप निकलने से बाद कोहरा छटने लगा। सोमवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो कुछ दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा। 24 घंटे के अंदर बारिश की संभावना जताई है।

# ठंड में सुबह की सैर पर जाने से परहेज करें हृदय रोगी

**घातक हो सकती है सैर**

अभी कड़ाके की ठंड में हृदय रोगियों को अलसुबह की सैर पर जाने से बचना चाहिए। वहीं देर शाम को भी शीतलहर के बीच टहलने से बचें। यदि किसी काम से जाना जरूरी हो तो नाक, कान को ऊंनी कपड़े से बांधकर निकलें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सर्दी के मौसम में हृदयघात के मामले बढ़ रहे हैं। शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में मेडीसिन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ प्रशांत श्रीवास्तव ने सर्दियों में हृदय रोगियों को बचाव की सलाह दी है। हरिभूमि से चर्चा में डॉ श्रीवास्तव बताते हैं कि सर्दी के मौसम में तापमान कम होता है। इसलिए हृदय रोगी और स्वांस रोगियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। खासकर कोहरे में या तेज ठंड में बाहर सांस लेने पर ठंडी हवा अंदर पहुंचती है। इससे रोगियों को परेशानी हो सकती है। यदि सुबह शाम टहलने की आदत है तो प्रयास करें कि सुबह धूप निकलने पर ही और शाम को सूर्यस्त होने के पहले टहलकर घर वापस आ जाएं। यदि निकलना जरूरी हो तो नाक, कान बंद करके ही निकलें। मूंह और नाक पर मफलर या मंकी टोपा लगाकर निकलें। इससे एकदम ठंडी हवा आक्सीजन लेते समय अंदर तक नहीं जा पाएगी।

### मौसमी फल खाएं, गर्म और ताजा ही भोजन लें

शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में मेडीसिन विभागाध्यक्ष डॉ प्रशांत श्रीवास्तव सलाह देते हैं कि सर्दी के मौसम में ताजा और गर्म ही भोजन लेना चाहिए। बार-बार गर्म करके भी भोजन न लें, यह स्वस्थ्य पर विपरीत असर डालता है। मौसमी फल खाना चाहिए और भोजन के साथ सलाद का सेवन भी करें। दिनचर्या सुधारने का प्रयास करें। स्वस्थ्य और तंदुरुस्त रहने के लिए कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद लेना अनिवार्य है। एक स्वस्थ्य व्यक्ति को सुबह या शाम कम से कम 40 मिनट टहलना चाहिए। टहलते समय ध्यान रखें की कदम तेजी से उठाएं और पसीना आना चाहिए और थोड़ी थकान महसूस होना चाहिए।



डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष

### हार्ट अटैक के संकेत

छाती के मध्य या बायीं ओर दर्द या बेचैनी जो कुछ मिनटों से अधिक समय तक रहती है या जो दूर हो जाती है और वापस आ जाती है। गर्दन, पीठ, एक या दोनों हाथ या कंधे सहित शरीर में कहीं और दर्द या बेचैनी, चक्कर आना या बेहोशी महसूस होना, मतली या उल्टी महसूस होना, आपको ठंडा पसीना भी आ सकता है। ऐसे में समय रहते डॉक्टर तथा अस्पताल से संपर्क करें।

### यह सावधानी जरूरी हैं

- हृदय रोगी ठंड में सुबह की सैर पर जाने से बचें, धूप निकलने पर ही टहलने जाएं।
- हृदय रोगी ठंड में निकलें तो नाक, कान कपड़े से बांधकर निकलें।
- डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के मरीजों को सावधानी की जरूरत।
- स्वस्थ्य रहने के लिए 7 से 8 घंटे की नींद अनिवार्य, ताजा और गर्म भोजन ही लें, भोजन को बार-बार गर्म करके न खायें।
- स्वस्थ्य व्यक्ति को 40 मिनट का अच्छा वॉक करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए आदित्य राजोरिया का चयन

**विदिशा।** 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए आदित्य राजोरिया का चयन हुआ है। वह महाराष्ट्र के नासिक में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024 का आयोजन 12 से 16 जनवरी तक महाराष्ट्र के नासिक में किया जाएगा। इसमें देश के सभी जिले के युवा विभिन्न विधाओं में प्रतिभागी होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। जिसमें आदित्य राजोरिया विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### गैस एजेंसी पर उमड़ा महिलाओं का सैलाब

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर इण्डेन ग्रामीण वितरण गैस एजेंसी पर लगातार एक सप्ताह से महिलाओं की लाइन लग रही है। गैस एजेंसी संचालक ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला गैस कनेक्शन गरीब महिलाओं के लिए सरकार द्वारा दिए जाते हैं। जिसके चलते ग्यारसपुर तहसील एवं अन्य तहसीलों की महिलाएं भी काफी संख्या में अपने जरूरी दस्तावेज लेकर गैस कनेक्शन पाने के लिए आवेदन जमा कर रही हैं। सुबह 10 बजे से शाम के 5 बजे तक गैस एजेंसी पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पहुंच रही हैं और अपने आवेदन जमा कर रही हैं।

### पुलिस ने की डंपर और बसों की जांच



**विदिशा।** यातायात पुलिस ने सोमवार को मिर्जापुर वायपास में स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहनों को रोककर फिटनेस, बीमा, परमिट, पीयूसी, रजिस्ट्रेशन, चालक का लाइसेंस की जांच की। चैकिंग के दौरान एक स्कूल वैन और एक तूफान में बीमा न होने पर 6 हजार रुपए शुल्क वसूला। एक डंफर पर फिटनेस प्रमाण पत्र न होने से चालानी कार्रवाई कर 5 हजार वसूल किए गए। साथ ही दो यात्री बसों को चेक किया गया। चालक व परिचालक को बिना वर्दी में पाए जाने से उन पर चालानी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान कुल 23 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 17 हजार 100 शमन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही शहर के पीतलमिल तिराहे पर आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। वाहन चालकों को अपने वाहन के जरूरी कागजात पूर्ण कराने तथा यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री, पीएम के उद्बोधन को सुना

# बदलाव की ब्यार आने वाली पीढ़ी तक पहुंचेः प्रहलाद पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सोमवार को विदिशा के ग्राम बरखेड़ा कछवा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए।

कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में बदलाव की ब्यार आने वाली पीढ़ी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का यह पहला अवसर है कि सरकार गांव-गांव तक सीधे पहुंचकर हितग्राहियों को हितलाभ से लाभांवित कर रही है। वहीं पूर्व में लाभांवित हो चुके हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव को वे स्वंय अपनी जुबानी बखान कर रहे हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि शत प्रतिशत गांव के हितग्राही लाभांवित हो। उन्हें उन तमाम योजनाओं का लाभ मिले जो उनके हितार्थ केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे इस प्रकार के आयोजन को समीक्षा के रूप में देखे ताकि वंचितों की जानकारी से वे स्वंय अवगत हो और अन्य को अवगत कराते हुए उन तक लाभ पहुंचाने के सफल प्रयास करें, ताकि सम्पूर्ण गांव शत प्रतिशत लाभांवित हो सकें।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गांव के सभी बीपीएल धारकों को तमाम योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाने को रेखांकित करते हुए कहा कि जल मिशन के कार्य का मुख्य उद्धेश्य हर घर नल से जल पहुंचाना है। उन्होंने बताया की जल मिशन में पिछले ढाई साल में 74 प्रतिशत परिवारों को कवर किया गया है जो पूर्व में 14 प्रतिशत था। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, श्यामसुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी, डॉ राकेश जादौन, सांसद प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, संदीप सिंह डोंगर, धनराज दांगी सहित अधिकारी मौजूद रहे।



विदिशा। कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल का स्वागत करते विधायक मुकेश टंडन।

### ग्रामीणों को 14 योजनाओं का लाभ दे रही सरकारः टंडन

विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की संकल्प की यात्रा इस गारंटी को पूरा करती है कि गांव में कोई भी पात्रताधारी वंचित न रहे। खासकर केंद्र सरकार की 14 योजनाओं का लाभ हर गांव के पात्रताधारी को दिलाया गया है। यदि कोई वंचित रह गया है तो उसका चयन विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कर उसे लाभ दिलाना है ताकि शत प्रतिशत उपलब्धियां हांसिल हो सकें। उन्होंने कहा कि इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, रहने के लिए पक्का घर, उजाले के लिए बिजली, रसोई के लिए गैस चूल्हा, आने जाने के लिए सड़क, रोजगार के लिए काम धंधे ये सब ग्रामस्तर तक क्रियान्वित किए जाने हैं, ताकि पात्रताधारी के जीवन में बदलाव आए। कार्यक्रम को कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

### गणतंत्र दिवस तैयारियों की बैठक आज होगी

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के परिपेक्ष्य में की जाने वाली तैयारियों को अंतिम रुप देने हेतु आज मंगलवार को बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर श्री भार्गव की अध्यक्षता में आहूत उक्त बैठक कलेक्टेट के बेतवा सभागार में टीएल बैठक उपरांत शुरू होगी। बैठक में संबंधित विभागो को समुचित जानकारियों सहित उपस्थित होने के निर्देश प्रसारित किए गए है।

### टीएल बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक आज मंगलवार को आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में टीएल बैठक दोपहर तीन बजे से शुरू होगी। उक्त बैठक में समस्त विभागो को लंबित आवेदनों से संबंधित तमाम जानकारियों सहित उपस्थित होने की सूचनाएं संप्रेषित की गई है।

### रामलीला मेला के संबंध में बैठक आज

**विदिशा।** रामलीला मेला विदिशा वर्ष 2024 की संचालन व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के अध्यक्षता में मंगलवार 9 जनवरी को एक बैठक का आयोजन किया गया है। 14 जनवरी से 29 फरवरी तक आयोजित होने वाले रामलीला मेला संचालन की व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजित यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में टीएल बैठक के बाद शुरू होगी।

## लापता बेटी को खोजने की जानकारी संतोषजनक नहीं कोतवाली टीआई तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नाबालिग बच्ची के लापता होने के एक मामले में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो के प्रधान निजी सचिव ने कोतवाली टीआई को नोटिस जारी किया है। टीआई को 12 जनवरी को शाम चार बजे तक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

नोटिस में कहा गया है की यदि बिना वैध कारण के इस आदेश का पालन नहीं किया जाता है तो नियम 10 और नियम 12 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को गिरीश वेयर हाउस ढोलखेड़ी के कैलाश नारायण विश्वकर्मा से एक शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें उनकी एक नाबालिग बेटी जो कक्षा 9वीं में पढ़ती है वह 3 अक्टूबर से लापता है। आयोग ने 9 अक्टूबर को एसपी विदिशा को पत्र जारी किया। जवाब में एसपी विदिशा से कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त हो गई है।

19 अक्टूबर को विदिशा पुलिस द्वारा नाबालिग का पता लगाने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी गई। हालांकि यह जानकारी संतोषजनक नहीं लगती, क्योंकि पुलिस अभी भी नाबालिग का पता लगाने में सक्षम नहीं लग रही। इसलिए बाल संरक्षण आयोग ने कोतवाली टीआई आशुतोष सिंह राजपूत को आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।



प्रियंक कानूनगो

### बालाजी आर्किड और गोदावरी में चोरी का प्रयास

**विदिशा।** पूरनपुरा क्षेत्र की बालाजी आर्किड और गोदावरी ग्रीन में एक साथ चोरी के असफल प्रयास हुआ। गोदावरी ग्रीन कॉलोनी में रहने वाले अमित रावत के मकान के नीचले तल में चोरी का प्रयास हुआ। परिवार ऊपर सो रहा था इसलिए वारदात में सफल नहीं हो सके। इसी तरह बालाजी आर्किड में भी चोरी के सूने मकान में चोरी का असफल प्रयास हुआ। बालाजी ऑर्किड कॉलोनी में मकान नंबर डी 56 और 57 में चोरों ने चोरी की है।

### स्कूलों का समय परिवर्तन, सुबह 10.30 बजे खुलेंगे

**विदिशा।** शीतलहर को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय और अशासकीय स्कूलों के खुलने के समय को परिवर्तित करते हुए सुबह की पाली में खुलने वाले स्कूलों को सुबह 10 बजे से खुलने के निर्देश दिए हैं। वहीं 10.30 बजे खुलने वाले स्कूलों का समय यथावत रखा गया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्राः 10 से 13 तक वार्डों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत अब नगरीय क्षेत्र में आगामी 10 जनवरी से 13 जनवरी तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रमों में हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण तथा शासन की विभिन्न योजनाओं में रजिस्ट्रेशन समेत अन्य कार्यों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

नगर पालिका सीएमओ सुधीर शर्मा ने बताया कि 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे रामलीला चौराहा पर एवं दोपहर दो बजे से बरईपुरा चौराहा पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। 11 जनवरी की सुबह 10 बजे माधवगंज चौराह एवं दोपहर 2 बजे बड़ा बाजार में, 12 जनवरी की सुबह 10 बजे बंटी नगर चौराह, दोपहर 2 बजे अहमदपुर तिराहा पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। 13 जनवरी की सुबह 10 बजे पूरनपुरा चौराहा पर शिविर का आयोजन होगा। शहर के सभी नागरिक इन शिविरों में पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उज्जवला योजना में गैस सिलेंडर के आवेदन आधार कार्ड बनवाना एवं उसमें सुधार करवाना। समग्र आई.डी. बनवाना एवं उसमें सुधार करवाना, समस्त पेंशन योजनाओं के आवेदन एवं सभी बैंकों की बीमा व लोन योजनाओं के आवेदन कर सकतें है।

## खरीफ 2022: बीमा कंपनी की लापरवाही, फसल बीमा से वंचित रह गए हिनोतिया माली के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

खरीफ-2022 की फसलों का किसानों ने बीमा तो कराया लेकिन राष्ट्रीय फसल बीमा कंपनी की लापरवाही के चलते क्षेत्र के कई किसान फसल बीमा की क्षतिपूर्ति से वंचित रह गए। इसी तरह बीमा क्षतिपूर्ति से वंचित शमशाबाद तहसील के ग्राम हिनोतिया माली के किसानों ने हरिभूमि के माध्यम से अपनी मांग उठाई है।

बीमा क्षतिपूर्ति की मांग करने वालों में भजनलाल सैनी, महेंद्र जाट, खिलान सिंह जाटव, दीपचंद सैनी, महेंद्र सैनी, तोरन सिंह सैनी, भागीरथ सिंह, सरनाम सिंह, दीनदयाल शर्मा, पूरन अहिरवार, मनोज जाटव, अजय सिंह, उधमलाल प्रजापति, हरिनारायण शर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, शंभू सिंह राजपूत, गनेशराम शर्मा, रूप सिंह जाट, भगवान सिंह जाट, मदन जाट, पहलवान सैनी, सत्यवान, नीलेश, राम सिंह, खिलान, जगदीश, राजेश, कन्हैया अहिरवार, गोपाल आदि शामिल हैं।

### किसानों ने फसलों का बीमा कराया, प्रीमियम राशि भी जमा की

हिनोतिया माली के पूर्व जनपद सदस्य गोविंद प्रसाद शर्मा ने बीमा कंपनी द्वारा पूरे गांव को छोड़ दिए जाने का मुद्दा उठाया है। गांव के किसानों का तर्क है कि आसपास के गांवों खरीफ-2022 की फसलों में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति प्राप्त हो चुकी है। इन गांवों में ग्राम साड़ेर, बाढ़ेर, गोकलपुर, भरनाखेड़ा, बरखेड़ा जाट, गोलना, थाना, पैगयाई के किसान शामिल हैं। गांव के किसानों ने कलेक्टर के नाम संबोधित एक आवेदन भी लिख रखा है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि हल्का पटवारी उपमा शर्मा ने उन्हे बताया कि अन्य पटवारियों की तरह ही हिनोतिया माली की फसलों में हुए नुकसान की पूरी रिपोर्ट बनाकर दी है। किसानों का कहना है कि सभी ने अपनी फसलों का बीमा कराया है और प्रीमियम राशि भी जमा की है। प्रीमियम राशि का भुगतान बैंक, सीएससी, एमपी ऑनलाइन से किया है।



विदिशा। ग्राम हिनोतिया माली में किसानों के साथ खेतों पर जामकर पिछली बार खरीफ की फसलों में हुए नुकसान का जायजा लेती हरिभूमि टीम। -फाइल फोटो

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 190 से अधिक ने कराई जांच

**विदिशा।** लायंस क्लब विदिशा सनराइज द्वारा ग्राम अटारी खेजड़ा के पास ग्राम कंजेला में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया। जिसमें भोपाल से आए डॉक्टरों द्वारा जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 190 से भी अधिक ग्रामीण जनों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। जिसमें सभी के ब्लड प्रेशर, पल्स एवं शुगर की जॉच कर उनके रोग से संबंधित डॉक्टर को दिखाया गया। जिन मरीजों को ईसीजी की आवश्यकता थी उनकी अलग से जांच की गई। शिविर में विशेष रूप से रोग के निवारण हेतु निशुल्क दवाई भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के बाद डॉक्टर्स को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

## प्रतियोगिता से बाहर हुई बैरसिया की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जैन कॉलेज ग्राउंड पर चल रहा थर्ड सीजन का एसपीसीएल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे दिन चार मैच खेले गए। पहला मैच आरटीओ आर्मी विदिशा बनाम जूनियर बी विदिशा के मध्य खेला गया।

आरटीओ विदिशा ने 107 रन बनाए। जूनियर बी विदिशा ने 82 रन पर ऑल आउट हो गई। इस मैच में मन ऑफ द मैच मोहित कुशवाह रहे। दूसरा मैच हलाली सुपर किंग्स बनाम गुड्डू 11 बैरसिया के मध्य खेला गया। हलाली सुपर किंग विदिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 51 रन बनाए। बैरसिया की टीम ने तीन ओवर में ही यह लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम किया। आकाश की बेहतरीन गेंदबाजी एवं 3 विकेट के लिए मन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच में एमआई 11 विदिशा बनाम फ्रेंड्स क्लब भोपाल के मध्य हुआ। जिसमें विदिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 80 रन बनाएं। जवाब में उतरी भोपाल की टीम ने मैच को 4 ओवर में ही यह लक्ष्य प्राप्त किया। शिवा के दोहरे प्रदर्शन 24 रन और तीन विकेट के लिए मन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का अंतिम मैच फ्रेंड्स क्लब भोपाल बनाम गुड्डू 11 बैरसिया के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने भोपाल के ऋतिक के 35 रन की बदौलत ने 8 ओवरों में 120 रन का लक्ष्य गुड्डू बैरसिया को दिया जवाब में उतरी बैरसिया की टीम महज 85 रन पर ऑल आउट हो गई। आज के मैच के अतिथि युवा भाजपा नेता बगीश मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट में कपिल बलेचा फराज सैयद , शादाब खान रविकांत नामदेव , पंकज भार्गव लाइक उल्ला सिद्दीकी पठान, बंटी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### ऋतिक के दोहरे प्रदर्शन से भोपाल ने किया फ्री क्वार्टर फाइनल क्वालीफाई

## परीक्षा के तनाव को दूर करने काउंसलिंग जरूरीः डॉ जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रविवार को वात्सल्य सीनियर सेकंडरी स्कूल में कार्यक्रम हुआ।

10वीं क्लास के छात्रों को परीक्षा के तनाव को कम करने काउंसलिंग आयोजित की गई। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष इलेक्ट एवं इंडियन अकैडमी ऑफ़ पीडिएट्रिक्स विदिशा के अध्यक्ष डॉ एम के जैन ने बताया की मेहनत चाहे कैसी भी हो बेकार नहीं होती है। लेकिन मेहनत तभी सफल होती है जब उसका पूरा उपयोग परीक्षा में हो। ऐसा तभी संभव है जब परीक्षा का डर, तनाव, अथवा टेंशन विद्यार्थी में न हो। थोड़ा डर, टेंशन होना स्वाभाविक है, लेकिन बच्चों को इससे दूर रहना ज़रूरी है और इसके लिए सकारात्मक सोच, नियमित 7-8 घंटे नींद घर का बना हुआ सादा भोजन फल , एक्सरसाइज, योगा, प्राणायाम और घर परिवार के सदस्यों से और प्रकृति से जुड़ाव इसमें सफलता दिलाने में सक्षम है। आईएपी शाखा सचिव डॉ सुरेंद्र सोनकर ने बताया की विद्यार्थियों को परीक्षा के समय तनाव नहीं रखना और हमेशा खुश रहना सफलता की कुंजी बताया।



डॉ. एमके जैन



कार्यक्रम के बाद अतिथियों का आभार संस्था प्रमुख देवना अरोरा ने माना। स्टाफ़ के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इस दौरान डॉ एम के जैन, आईएपी विदिशा अध्यक्ष डॉ राजीव जैन, आईएमए विदिशा अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र सोनकर, आईएपी विदिशा सचिव डॉ राहुल जैन आदि मौजूद रहे।

### भय बिन प्रीत संभव नहीं हैः सोलंकी

आईएमए सदस्य एवं विषय विशेषज्ञ डॉ नरेश सोलंकी ने बताया कि परीक्षा का टेंशन होना स्वाभाविक है और होना ही चाहिए। क्योंकि बिना भय के प्रीत संभव नहीं है, लेकिन यह आटे में नामक के बराबर ही ठीक है। वर्ना गड़बड़ ज़्यादा हो जाती है। सतत पढ़ाई के दौरान बीच बीच में थोड़ा ब्रेक लेना , हाइड्रेशन बनाए रखना मोबाइल और सोशल मीडिया से सीमित जुड़ाव और हमेशा ख़ुश रखना परीक्षा में सफलता की गारंटी हो सकती है। इस दौरान वरिष्ठ आईएपी सदस्य डॉ सुमत जैन आईएमए विदिशा अध्यक्ष डॉ राजीव जैन, आईएमए शाखा सचिव डॉ राहुल जैन शामिल हुए।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2560
उच्चतम भाव-4001
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2362
उच्चतम भाव-3165
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2372
उच्चतम भाव-2512
चना
न्यूनतम भाव-4460
उच्चतम भाव-5421
मसूर
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-6170
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4716
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-4720
सरसों
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-5610
उड़द
न्यूनतम भाव-4815
उच्चतम भाव-7500
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4300
ज्वार
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-7000
धना
न्यूनतम भाव-5940
उच्चतम भाव-6000
बटरी
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000
मूंग
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6400
कलौंजी
न्यूनतम भाव-10050
उच्चतम भाव-10050
मेथी
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 13574 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## यातायात अव्यवस्था सुधारने प्रशासन के संयुक्त दल ने शुरू किया अभियान

# सड़क तक सामान जमाने वाले 26 दुकानदारों पर कार्रवाई, जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में बढ़ती यातायात अव्यवस्था को दूर करने के लिए एसडीएम विजय राय ने अतिरिक्त तहसीलदार अताउल्ला खान के नेतृत्व में एक संयुक्त दल गठित किया है। जिसमें नपा एवं पुलिस विभाग भी शामिल रहेगा। इस दल ने सोमवार को पारासरी पुल से लेकर रेलवे स्टेशन तक सडक के दोनों ओर दुकानदारों को सामान अपनी सीमा में रखने की हिदायत दी। साथ ही कुछ दुकानों का सामान सीमा रेखा से बाहर रखा पाए जाने पर उन पर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई है।



उल्लेखनीय है कि नगर में सडक के दोनों ओर के दुकानदारों द्वारा मुख्य मार्ग तक अपनी दुकानों का सामान जमाकर रख लिया जाता है। जिससे यातायात अव्यवस्था उत्पन्न होती है और आए दिन मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इसी को देखते हुए एसडीएम विजय राय ने एक आदेश जारी किया है। जिसमें नगर के सभी दुकानदारों, व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी दुकानों के सामान को मुख्य मार्गों के आसपास पूर्व में डाली गई चूने की लाइन के पीछे ही रखें। जिससे यातायात अव्यवस्था न बढे। इस निर्देश का पालन करने और यातायात व्यवस्थाए बनाए रखने के लिए एसडीएम ने अतिरिक्त तहसीलदार अताउल्ला खान के नेतृत्व में टीम गठित की है। जिसमें नपा सीएमओ पवन शर्मा, देहात एवं कोतवाली टीआई यातायात पुलिस प्रभारी आशीष राय सहित पटवारी, नपा अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है।




इस टीम ने सोमवार को पारासरी पुल से लेकर रेलवे स्टेशन तक पैदल भ्रमण किया और सडक के दोनों ओर के दुकानदारों को सीमा में सामान रखने की हिदायत दी। इस दौरान करीब 26 दुकानों का सामान सडक के ठीक पास तक ऐसी स्थिति में रखा पाया गया, जिससे यातायात अव्यवस्था उत्पन्न हो रही थी। ऐसे में इन 26 दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे 4000 रूपए की राशि वसूल की गई। साथ ही आगे से सामान को पूर्व निर्धारित सीमा रेखा से बाहर रखने की हिदायत भी दी गई। अब प्रशासन की यह कार्रवाई नगर के अन्य प्रमुख मार्गों त्योंदा रोड, बरेठ रोड, सिटी रोड पर भी जारी रहेगी। नपा अधिकारियों के अनुसार जुर्माने की कार्रवाई के बाद भी यदि दुकानदार या व्यापारी सामान पीछे नहीं रखेंगे तो उनके सामान की जब्ती की कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ प्रकरण भी बनाए जाएंगे। नपा एवं प्रशासन ने सभी व्यापारियों एवं दुकानदारों से यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करते हुए अपना सामान दुकान में रखने की अपील की है।

## यातायात पुलिस ने बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा स्कूल वेन आदि वाहनों की जांच कर चालानी कार्रवाई की गई। एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा बताया गया कि सूबेदार आशीष राय यातायात प्रभारी द्वारा लाल पठार क्षेत्र में स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहनों को रोककर दस्तावेजों फिटनेस, बीमा, परमिट, पीयूसी, रजिस्ट्रेशन, चालक का लाइसेंस को चैक किया गया।

चैकिंग के दौरान बिना परमिट, फिटनेस एवं बीमा वाले 2 वाहनों पर कार्रवाई कर 12000 शमन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही जय स्तंभ पर विशेष अभियान के तहत दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट न धारण करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई वाहन चालकों को जागरूक किया। लाल पठार एवं जय स्तंभ पर विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 23 चालान में 23800 शमन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग न करना, चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, दो पहिया वहां पर तीन सवारी बैठाना, बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट वाले वाहन चलाने वाले चालकों पर चलानी कार्रवाई की गई एवं सभी स्कूली वाहन चालकों को समस्त फिटनेस, बीमा, परमिट, पीयूसी, रजिस्ट्रेशन, चालक का लाइसेंस दस्तावेज लेकर ही वाहन चलाने के निर्देश दिए गए। इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## विहिप के अर्चक पुरोहित सम्मेलन में हुआ पंचांग का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व हिंदू परिषद मंदिर अर्चक पुरोहित आयाम के तत्वाधान में रविवार को घटेरा वाली धर्मशाला पुराना मेला ग्राउंड में अयोध्या धाम के पूजित अक्षत वितरण एवं शिव पंचांग विमोचन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दोपहर 1 बजे आरंभ हुये कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंडित मनोज व्यास द्वारा रचित पंचांग का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व ब्राह्मणों द्वारा पूजन अर्चन स्वस्तिवाचन हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम में गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के पूर्व केंद्रीय सह मंत्री एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश तिवारी ने की। जिसमें पंचांग रचयिता मनोज व्यास द्वारा अपने उद्बोधन में स्थानीय पंचांग के महत्व को बताया गया। राजेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा राम जन्मभूमि पर 500 साल बाद भगवान प्रतिष्ठित हो रहे हैं इसलिए 22 जनबरी को घर घर में पांच दिए जरूर जलावें दिवाली के रूप में घर की साज सज्जा करें। रामकिशोर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा समस्त ब्राह्मण एक होकर अपने मंदिर पूजन स्थान पर दीए जलाकर परम बनाए एवं ध्यानू मिश्रा ने अपने उद्बोधन में समस्त ब्राह्मण देव एवं सनातन को एकत्रित करने की बात कही एवं मंदिर अर्चक पुरोहित आयाम के प्रांत सह प्रमुख मुन्नालाल शास्त्री द्वारा अपने उद्बोधन में पुरोहितों से 22 जनबरी को मंदिरों में आनंदोत्सव मनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद जिला अर्चक पुरोहित प्रमुख लक्ष्मी नारायण शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर विहिप जिला मंत्री अभिषेक शर्मा, नगर अर्चक पुरोहित प्रमुख पं नितिन भाटे, पं. पुरुषोत्तम शर्मा, प्रमोद दुबे, घनश्याम शर्मा, अनु तिवारी संतोष शर्मा, अंकित चतुर्वेदी संतोष भार्गव, राघवेंद्र कृष्ण, गोपाल, योगेश भार्गव सहित बडी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम उपरांत उपस्थित बंधुओं को अयोध्या के पूजित अक्षत एवं पंचांग की प्रति भेंट की गई।

## नर्मदा महापुराण संकीर्तन यात्रा हुई रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सात दिवसीय नर्मदा महापुराण की संकीर्तन यात्रा सोमवार को गाजे बाजे के साथ स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर से रवाना हुई, जो 14 जनवरी को बेरखेरी खर्राघाट बुधनी पहुंचेगी। जहां पर मां नर्मदा का पूजन अर्चन चुनरी, भंडारे के आयोजन के साथ संकीर्तन यात्रा का समापन होगा। यात्रा में सौ से अधिक पदयात्री साथ चल रहे हैं। पदयात्रा में महिलाएं भी शामिल हैं। शाम के समय संकीर्तन गुलाबगंज पहुंची जहां यात्रा का पहला पड़ाव रहा।



नर्मदा महापुराण संकीर्तन यात्रा के मुख्य यजमान रामकरण सिंह रघुवंशी बरखेड़ा ने बताया कि इस बार यात्रा आठवें वर्ष में प्रवेश कर रही है, करीब 200 किलोमीटर पदयात्रा करते हुए यह यात्रा 14 जनवरी को बेरखेरी खर्राघाट बुधनी पहुंचेगी। सात दिवसीय इस यात्रा में प्रतिदिन 25 किलोमीटर की पदयात्रा होगी। रात 8 बजे से 11 तक नर्मदा महापुराण का वचन कथा वाचक पंडित प्रेमहानंद महाराज द्वारा किया जाएगा। 9 जनवरी को मां नर्मदा धर्मशाला लालधाऊ पूरनपुरा विदिशा, 10 जनवरी वरबटपुर चौराहा, 11 जनवरी रायसेन, 12 जनवरी को कुमडी तामौर, 13 जनवरी बेरखेरी खर्राघाट एवं 14 जनवरी को संकीर्तन यात्रा बेरखेरी खर्राघाट पल के पास बुधनी पहुंचेगी। जहां सभी पद यात्रियों द्वारा मां नर्मदा को चुनरी भेंट की जाएगी यात्रा के समापन पर घाट पर विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है।

### श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा आयोजन



**गंज बासौदा।** नगर के वार्ड नंबर 7 में श्री शिव मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। कथा सुनने बड़ी संख्या में में सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कथा में पहुंचकर व्यास पीठ की पूजा अर्चना की।

## मार्ग परिवर्तित होने के बाद भी नहीं मान रहे वाहन चालक



गंजबासौदा। नगरपालिका द्वारा पचमा बायपास मार्ग पर पुलिया के पास आधूरे पड़े मार्ग का सीसी करण कार्य कार्य करवाया जा रहा है। जिसके चलते संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसके लिए उक्त मार्ग को बंद कर परिवर्तित मार्ग शुरू किया गया है। लेकिन इसके बाबजूद अनेक दो पहिया वाहन चालक बंद मार्ग में से अपने वाहन निकाल रहे हैं। जल्द बाजी के चलते अनेक दो पहिया वाहन चालक खुदे हुए गड्ढों में गिर रहे हैं जिससे उनके वाहन तो क्षतिग्रस्त हो ही रहे हैं साथ ही चालक भी घायल हो रहे हैं।

## गांव-गांव जाकर दिए जा रहे अक्षत निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को ग्राम बरेट में विश्व हिंदू परिषद की खण्ड समितियों ने गांव गांव जाकर अयोध्या से आए अक्षत निमंत्रण घर घर जाकर दिए और 22 जनवरी को भव्य श्री राम मंदिर में राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के समय सब लोगों से अपने घर के बाहर पांच दीपक चलाने की अपील की। अक्षत वितरण के दौरान ग्रामीणों से दीपावली जैसा उत्सव मनाने और अपने घरों के आसपास के मंदिरों में 22 जनवरी को धार्मिक आयोजन एवं उत्सव मनाने की भी अपील की। खण्ड समितियों द्वारा सभी खंडो के ग्राम बरेठ, बर्घरू, सराय, छोटी कुरवाई, बत्तीसा, इमलिया नाका, नौगांव में जाकर संपर्क किया गया। इस दौरान बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बीमारी से आधा दर्जन मवेशियों की मौत



गंजबासौदा। समीपस्थ ग्राम काजी किर्रोदा में पिछले कुछ दिनों से अज्ञात बीमारी के कारण मवेशियों की मौत हो रही थी। जिसकी सूचना पाकर पशु चिकित्सालय के स्वास्थ्य कर्मी ने गांव पहुंचकर मवेशियों का टीकाकरण किया। ग्राम के सुनील दांगी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गांव के मवेशी अज्ञात बीमारी से ग्रस्त हो रहे हैं। इस बीमारी से पीडित मवेशी खाना पीना छोड देते हैं और एक दो दिन में उनकी मौत हो जाती है। अभी तक गांव के रंधीर सिंह की दो भैंस, हरिचंद की दो भैंस, रामसिंह की एक भैंस और कल्याण सिंह की एक गाय की मौत हो चुकी है। ग्रामीण अभी तक आसपास के चिकित्सकों से मवेशियों का उपचार करा रहे थे, लेकिन आज इस बीमारी के बारे में ग्रामीणों द्वारा पशु चिकित्सक जीएस नेमा को सूचित किया गया। जिसके चिकित्साकर्मी आनंद अहिरवार ने गांव पहुंचकर सभी मवेशियों का टीकाकरण किया।

## खबर संक्षेप

### प्रतियोगिता में चयनित

**गंजबासौदा।** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की बीकॉम की छात्रा दर्शिका तिवारी का चयन संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए किया गया। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा खेल कलेंडर के अनुसार शासकीय महाविद्यालय लटेरी में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें अनेक महाविद्यालय के खो खो खिलाड़ी ने सहभागिता की। दर्शिका तिवारी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जिले की टीम में अपनी जगह बनाई। शुक्रवार को भोपाल में आयोजित संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में वह विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। नगर के खेल प्रेमियों ने दर्शिका को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की है। प्राचार्य आरआर द्विवेदी, उप प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, क्रीड़ा अधिकारी मनीष अहिरवार एवं समस्त प्राध्यापक व ऑफिस स्टाफ ने छात्रा को शुभकामनाएं दी।

## वेदांत आश्रम में श्रीराम कथा का आठवा दिन

# '84 लाख योनियों में भटकने के बाद मानव जीवन मिलता है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भक्ति वेदांत आश्रम में समायोजित विराट शतचंडी महायज्ञ व श्री राम कथा के अष्टम दिवस में जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ.राम कमलदास वेदांती महाराज ने श्री राम कथा में वर्णित भगवत तत्व का विवेचन करते हुए कहा कि चौरासी लाख योनियों में भटकने के बाद ईश्वर कृपा से मानव जीवन की प्राप्ति होती है। इस मानव जीवन को शास्त्रों में मोक्ष का द्वारा बताया गया है। इसलिए मनुष्य को श्रेष्ठ आचरण पथ पर चलते हुए राग और द्वेष से रहित होकर सही मार्ग पर चलना चाहिए। अहंकार सारी बुराइयों की जड़ है ,और भक्ति के मार्ग पर अहंकार को सबसे बड़ी बाधा माना गया है।



महर्षि नारद इतने बड़े तपस्वी भक्त शिरोमणि संत थे फिर भी वह माया से बच नहीं सके। जिसके कारण उन्हें बंदर बनना पड़ा और वह सारे जगत में उपहास के पात्र बने ।उनके जीवन में काम और क्रोध दोनों ही बड़ी मात्रा में आ गए थे।क्रोध एक ऐसी बुराई है। जिसके आने पर व्यक्ति बड़े और छोटे को नहीं देखता और अपने सम्माननीय लोगों को भी अपमानित कर देता है। रुपया पैसा कमाना इतनी बड़ी चीज नहीं है जितना की सद्गुणों को अपने जीवन में उतरना है। जब हमारे जीवन में सद्गुण रूपी सुयश एकत्र होती है तो बुराइयां अपने आप निकल जाती है, जैसे दीप जलाने पर अंधकार स्वयं ही नष्ट हो जाता है। इस तरह सत्संग में जाने से हमारे जीवन का अज्ञान रूपी अंधकार खुद ही नष्ट हो जाता है। कभी-कभी ईश्वर के भक्तों में भी अज्ञान और अहंकार जैसी बुराइयां हमें दिखाई देती है। इसका मुख्य कारण हमारे जीवन का अज्ञान व ईश्वर की प्रबल माया है इन दोनों को तभी हराया जा सकता है जब जीवन में सत्संग और ईश्वर की भक्ति हो। जब हम समस्त प्राणियों में ईश्वर को देखते हैं तो फिर किसी में राग द्वेश की भावना पैदा ही नहीं हो सकती। क्योंकि सभी प्राणियों में हमारा ईश्वर ही रम रहा है। यदि धन आदि प्राप्त करके भी जीवन में अभिमान ना आए तो समझो ईश्वर की कृपा हमारे ऊपर है। जीवन में अभिमान आने पर सारी अच्छाईयां वैसे ही नष्ट हो जाती है जैसे दूध में खटाई पड़ने पर वह फट जाता है। क्रोध में भरे हुए नारद जी भगवान को भी श्राप दे दिए ,पर उससे संपूर्ण मानव जाति का कल्याण हुआ क्योंकि इस श्राप के कारण निर्गुण निराकार ईश्वर दशरथ नंदन राम के रूप में अवतरित होकर संपूर्ण संसार को श्रेष्ठ पद पर चलने की प्रेरणा देते हैं। आज संसार में बड़ी मात्रा में अहंकार मद्यपान व जुआ की प्रवृत्ति बड़ी है। अब तक जुआ खेलने वाले का उत्थान हुआ हो ऐसा नहीं देखा गया है धर्मराज युधिष्ठिर ने इसी जुए के कारण ही अपनी सारी पारिवारिक संपत्ति व प्रतिष्ठा को खो दिया था। आश्रम परिसर में सभी नौ देवियों की दिव्य झांकियां सज गई हैं। जिनके सामने आश्रम के विद्वान पंडित छात्रगण विद्वान, अर्चन पूजन करके लोक कल्याण की कामना कर रहे हैं।

उज्जैन से आए हुए विशिष्ट विद्वानों के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच वेद मित्रों द्वारा अरणीमंथन करके अग्नि देवता को प्रकट कर यज्ञ कुंड में अग्नि देव को स्थापित किया गया। पंचांग पूजन कर शतचंडी महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। अत्यंत ठंड व शीत होने के कारण भी बिगड़े हुए मौसम में भी बड़ी मात्रा में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा सुधामृत का पान कर तथा यज्ञ मंडप की परिक्रमा करके मानव जीवन को सफल बना रहे हैं।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर में जांच कराने की अपील

**गंजबासौदा।** मिल रोड स्थित विजन सेंटर पर सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लटेरी द्वारा मोतियाबिंद निवारण शिविर का आयोजन स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। उपरोक्त जानकारी वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले एवं डॉक्टर राजकारण वर्मा द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को ट्रस्ट द्वारा विजन सेंटर पर शिविर का आयोजन किया जाता है एवं मोतियाबिंद से चिन्हित रोगियों को आनंदपुर बस द्वारा भेजा जाता है। जहां पर उनके ठहरने रूकने एवं खाने-पीने की व्यवस्था एवं ऑपरेशन की व्यवस्था निशुल्क की जाती है, उन्होंने नेत्र रोगियों से अनुरोध किया है कि वे शिविर में आकर अपने नेत्रों रोगों से छुटकारा पाएं। वहीं समाजसेवी डॉक्टर एके जैन, गणेशराम रघुवंशी, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, दिलीप देसाई, विजय अरोरा ने भी लोगों से अनुरोध किया है कि वह अपने नेत्रों की जांच करवाने अवश्य आएं। ऑपरेशन के पश्चात मरीजों को संस्था द्वारा कंबल वितरित किए जाएंगे जो की आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा प्रदान किए जाएंगे एवं निशुल्क के चश्मे भी वितरित किए जाएंगे।

# शिक्षक गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेकर निष्क्रिय छात्रों को सक्रिय करें : तिवारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कक्षा छह से आठ पढ़ाने वाले माध्यमिक शिक्षकों का पांच चरणों में चलने वाले प्रशिक्षण के प्रथम चरण का शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे सरस्वती वंदना कर बीआरसी कपिल तिवारी ने शुभारंभ किया। कपिल तिवारी ने सभी शिक्षकों का आह्वान किया कि स्कूलों में निष्क्रिय छात्र ही पढ़ाई में कमजोर होते हैं और आगे की कक्षाओं में भी रिजल्ट बिगाड़ते हैं। इसलिए ऐसे विद्यार्थियों को अब टारगेट ग्रुप के रूप में लिया जा रहा है। इन विद्यार्थियों को सक्रिय करने शाला का वातावरण सकारात्मक बनाऐ। बीईओ परता अहिरवार ने बताया प्रशिक्षण मे अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर कठोरतापूर्वक अनुशासनात्मक कारवाई की जाऐगी। इसलिए सभी शिक्षक गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें।

प्रशिक्षण प्रभारी राजेश पंथी ने बताया एनईपी 2020 एवं सामान्य शिक्षण शास्त्र विषय पर माध्यमिक शिक्षको को ट्रेनिंग दी जा रही है मास्टर ट्रेनर विकास खंड में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। यह शिक्षक निष्क्रिय विद्यार्थियों को किस तरह से चिन्हित करें और फिर उन्हें क्लास रूम में किस तरह से सक्रिय छात्र के रूप में बदलें इस विषय को सीखेंगे और अगले सत्र से इसे क्लास रूम में उपयोग करेंगे। सैयद शफाकत हुसैन कादरी , राहुल दांगी, संजय श्रीवास्तव, शिल्पा मेश्राम ने बताया बच्चो को सक्रिय करने के लिए सेमीनार तथा समूह चर्चा कराई जाएगी। इसमें विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जैसे सुकराती सेमीनार, फिश बाउल तकनीक, स्नो बाउल तकनीक, वाद-विवाद, फिलिप चर्चा जैसी तकनीकें अपनाई जाएंगी।

इसमें कई शिक्षक पूरी चर्चा में शामिल रहेंगे और कही चर्चा से बाहर रहकर बच्चों की मॉनीटरिंग करेंगे कि कौन विद्यार्थी कितनी सक्रियता से चर्चा में शामिल हुआ है। प्रशिक्षण में सहयोगी के रूप मे भगवती देवी रघुवंशी, सुरेश शर्मा, राजकुमार पंथी, संतोष कुमार उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### वाहन चालकों को यातायात नियमों की दी जानकारी

**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देश के पालन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव,सिरोंज एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी रितेष वाघेला ने नगर के नया बस स्टैण्ड पर विषेष जागरूकता अभियान चलाकर ऑटो रिक्शा, लोडिंग वाहन चालकों को यातायात नियमों को लेकर समझाइष दी गई। इस अवसर पर श्री वाघेला ने वाहन चालकों से कहा कि सभी लोग अपने-अपने वाहनों के सभी प्रकार के कागजात जैसे कि ड्रायविंग लाइसेंस, परमिट,बीमा, फिटनेस पूर्ण रखें एवं ऑटो चालक एवं बस चालक वर्दी पहन कर ही वाहन चलाए, शराब पीकर वाहन ना चलाए, नंबर प्लेट नियमानुसार लगी हो, स्कूल वाले ऑटो में जाली और बैग रखने की व्यवस्था हो, बगल में सवारी ना बैठाए, तेज गति से वाहन ना चलाए, वाहन मे फर्स्ट एड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, इमरजेंसी विंडो सही हो आदि यातायात नियमों की दी जानकारी।

### भगवान पार्श्वनाथ व चंद्रप्रभु का जन्म तप कल्याणक मनाया



**सिरोंज।** श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ बडा मंदिर में तीर्थकर श्री 1008 चंद्रप्रभु एंव 1008 पार्ष्वनाथ भगवान का जन्म तप कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिव्य देषना महिला परिषद की सभी सदस्यों एंव श्रावक गण द्वारा श्री 1008 पार्ष्वनाथ विधान व पालना झुलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### अधिकारियों को निलंबित व व्यापारियों पर की गई झूठी एफआईआर वापस लेने की मांग

# उलझता ही जा रहा है खाद्य विभाग अधिकारी व व्यापारियों का मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

विगत दिनों पूर्व हुए खाद्य विभाग व व्यापारियों के विवाद के मामला तुल पकड़ता नजर आ रहा है। सोमवार को किराना व्यापारियों ने खाद्य विभाग अधिकारी को निलंबित करने एंव व्यापारियों के विरूद्ध की गई झूठी एफआईआर को वापस लेने की मांग को लेकर नगर के कष्टम पथ से वाहन रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार संजय चौरसिया को एक ज्ञापन सौंपा।

जिसमें उल्लेख किया गया कि आए दिन खाद्य एंव औषधि विभाग के अधिकारी द्वारा व्यापारियों को प्रताडित किया जा रहा है। साथ ही व्यापारियों से पैसो की जाती है और झूठे आरोप व सजा का कहकर व्यापारियों को डराया धमकाया जाता है और मोटी रकम की मांग की जाती है। यदि व्यापारी द्वारा पैसे नहीं दिए जाते तो व्यापारी के ऊपर झूठे केस दर्ज किया जाता है। अगर व्यापारी उनसे सत्यता बातकर बहस करता है तो उक्त व्यापारी की थाने में झूठी एफ.आई.आर दर्ज करा दी जाती है। ऐसा ही प्रकरण 4 जनवरी को रात्रि 9 बजें के समय हुआ। जिसमें चांदनी चौक स्थित गौरव ट्रैडर्स पर रात्रि 9 बजें के आसपास खाद्य सहायक अधिकारी किरण श्रीवास्तव व संदीप वर्मा पहुचें और प्रोपराईटर राजेन्द्र कुमार जैन से 15 हजार रूपये की मांग की। वही पैसे न देने और बहस होने पर खाद्य विभाग अधिकारी द्वारा थाने में झूठी एफआईआर दर्ज की गई। जब व्यापारी ने व्यापार संघ के अध्यक्ष सुनील जैन को मौके पर बुलाया और उनके समझाने पर भी खाद्य विभाग की टीम ने उनसे बहस की और गलत शब्दो का प्रयोग किया साथ ही एफआईआर दर्ज कराई गई।

#### पूर्व में भी हो चुकी ऐसी घटनाएं

*व्यापारियों ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है पूर्व में भी ऐसी कई घटनाए विदिशा जिले की अन्य तहसीलों में भी हो चुकी है। पिछले वर्ष इन्ही अधिकारियों के प्रताड़ित करने की वजह से शमशाबाद में एक मिठाई व्यापारी को अटैक आने की वजह से उसकी मृत्यु हो गयी थी। साथ ही विदिशा में भी ऐसी घटना हो चुकी है जिसमें इन्होने माफी मांगी। व्यापारियों ने कहा कि हम विक्रेता है निर्माता है ऐसी स्थिति में हम व्यापारियों को परेशान न किया जाए। वहीं व्यापारियों ने मांग करते हुए कहा ऐसे अधिकारियों की जांच टीम बनाकर जांच की जाए और तत्काल प्रभाव से दोषी अधिकारियों को निलंबित किया जाए साथ ही जो व्यापारियों पर झूठी एफआईआर कराई गई है उसे निरस्त किया जाए। अन्यथा किराना व्यापार संघ समस्त व्यापारिक संगठनों के साथ मिलकर सिरोंज बंद कर विरोध प्रदर्षन व उग्र आंदोलन की ओर अग्रसर होगा।*

#### खाद्य अधिकारी के अब खुल रहें पत्ते

*व्यापारियों और खाद्य विभाग के अधिकारियों के विवाद ने जब तूल पकडां तो शहर के सभी व्यापारी बैठक में इकट्ठे हुए तब किराना व्यापारी,मेडिकल स्टोर,बेकरी संचालक,दूध डेयरी,वॉटर प्लांट संचालक,मिठाई-मावा विक्रेताओं ने एक दूसरे को बताया कि खाद्य विभाग की मैडम और सर हमारे ऊपर दबाव बनाकर हमसें मोटी रकम लेते थें हम भी परेषान है। सभी व्यापारियों ने एक जगह एकत्रित होने के बाद कहा कि अब हम इन अधिकारियों का दबाव बिल्कुल सहन नहीं करेंगे। अब हम सब व्यापारी इस मामले में आरपार की लड़ाई लड़ने के मूड में आ गए हैं।*

## एकादशी पर सरकार के दरबार में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



**सिरोंज।** श्री देवा धी देव मदनमोहन सरकार के सिद्ध चैतन्य दरबार में रविवार को नए साल की पहली एकादश सफला एकादशी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी पं नवनीत शर्मा ने सफला एकादशी का महत्व और कथा वर्णन करते हुए कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार प्राचीन काल में चम्पावती नगरी में महिष्मान नामक एक राजा उसके चार पुत्रों के साथ रहता था। उसका सबसे बड़ा लुम्पक नाम का पुत्र महापापी और दुष्ट था। वह हमेशा कुकर्मों में लीन रहकर देवी देवताओं की निंदा करता था। एक दिन राजा ने क्रोध में आकर उसे राज्य से बेदखल कर दिया था. इसके बाद लुम्पक जंगल में रहकर मांसाहार खा कर अपना जीवन यापन कर रहा था। कहते हैं कि कभी-कभी अनजाने में भी प्राणी ईश्वर की कृपा का पात्र बन जाता है। ऐसा ही कुछ लुम्पक के साथ भी हुआ। एक बार भीषण ठंडी की वजह से वह रात में सो नहीं पाया। रातभर ठंड में कांपता रहा जिसके कारण वह मूर्छित हो गया। उस दिन पौष माह के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि थी. अगले दिन जब होश आया तो अपने पाप कर्मों पर पछतावा हुआ और उसने जंगल से कुछ फल इक्ट्ठा किए और पीपल के पेड़ के पास रखकर भगवान विष्णु का स्मरण किया। इस सर्द रात को भी उसे नींद नहीं आई वह जागरण कर श्रीहरि की आराधना में लिप्त था। ऐसे में अनजाने में उसने सफला एकादशी का व्रत पूरा कर लिया। वही सफला एकादशी व्रत के प्रताप से विष्णु जी ने उसे समस्त पापों से मुक्त कर दिया और वह पुनः राज्य में पिता के पास रहने लगा. पिता ने सारी बात जानकर पुत्र लुम्पक को राज्य की जिम्मेदारी सौंप दी और वन में हरि भजन करने चले गए. लुंम्पक ने वृद्धावस्था तक शास्त्रानुसार राज किया और अंत में वन में जाकर विष्णु जी की पूजा, एकादशी व्रत के फल स्वरूप मोक्ष प्राप्त हुआ. मान्यता है कि सफला एकादशी का व्रत व्यक्ति के सारे कार्य सिद्ध कर देता है। सफला एकादशी के पावन अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु भक्त गणों ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। वहीं श्री सरकार को साबूदाना खिचड़ी, मगध, मावा मलाई बर्फी, तांबूल, फल, मेवा,रबड़ी,बर्फी,मेवा, का भोग लगाया गया।

## ड्रग व केमिस्ट एसोसिएशन के श्रद्धांजलि सभा में स्व. हुसैन अली को बताया सूत्रधारक



**सिरोंज।** ड्रग एंव केमिस्ट के सहसचिव एंव सेबर मेडिकल संचालक मोइज अली के पिता हुसैन अली का बीमारी के चलते निधन हो गया। इस मौके पर ड्रग एंव केमिस्ट एसोसिएशन ने शोक श्रद्धांजलि दी। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पत्रकार राजीव जैन सैनानी ने अपने संबोधन में कहा कि स्व हुसैन अली ड्रग एंव केमिस्ट एसोसिएशन के सूत्रधार थें। उनके द्वारा दी गई सेवाओं को भी आज याद किया जा रहा है। वह सदैव सामाजिक गतिविधिओं में अग्रणी रहने वाले समाजसेवक के रूप में उनकी पहचान थी। उन्होने समिति के लिए हमेशा संगठन को मजबूत करने और एकता बनाए रखने के लिए अहम भूमिका निभाई थी। इस मौके पर संरक्षण प्रकाष लोकवाणी,एसोषियन के अध्यक्ष मोहम्मद राषिद खान,अग्रवाल,रविकेष नेमा,वसीम खान,आरडी शर्मा,अमित नेमा,सैफी खान आदि ने शोक श्रद्धांजलि दी।

# नल पर पानी भरने को लेकर विवाद, पीड़ित ने अस्पताल में तोड़ा दम

## पीड़ित परिवार ने शव को सड़क पर रखकर किया चक्काजाम, बुलडोजर चलाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज



सोमवार को शाम के समय अचानक अहिरवार समाज के लोगों ने थाना परिसर के बाहर सड़क पर चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम की जानकारी लगते ही पुलिस प्रशासन एक्टिव हुआ और जानकारी मिलाई तो पता चला कि 2 जनवरी को क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ी गांव में नल पर पानी भरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। जिसकी सोमवार को भोपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने थाने परिसर के बाहर लाश को रखकर प्रशासन के खिलाफ नारीवाजी कर चक्का जाम कर दिया। गुस्साए परिजनों का कहना था कि जिन लोगों के कारण आज करण सिंह मौत हुई है उनके मकान पर शासन प्रशासन बुलडोजर चलाने की कार्रवाई करे।

#### जेल भेज दिया है...

2 जनवरी को करण सिंह एवं यादव परिवार के बीच में विवाद हो गया था जिसके बाद हमने एफआईआर दर्ज कर ली थी लेकिन रात्रि में पुनः विवाद हो गया जिसके बाद हमने करण सिंह को अस्पताल भेज दिया था एवं उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन आज अचानक करण सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई अब इसी के आधार पर एफआईआर में अन्य धाराओं का इजाफा किया जाएगा। **संदीप पवार,** थाना प्रभारी सिरोंज

#### यह है पूरा मामला

2 जनवरी को करण सिंह ने अपनी पत्नी के साथ थाने पहुंचकर एक आवेदन दिया जिसमें उसने बताया था कि नल पर पानी भरने को लेकर गांव के ही सट्टू यादव, सोनू यादव ने पानी भरने को लेकर विवाद किया एवं घर पर आकर गाली गलौज की जिस पर सिरोंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की, लेकिन शाम के समय जब करण सिंह अपनी पत्नी के साथ घर पहुंचा तो रात्रि के समय उक्त आरोपियों ने घर पर हमला कर मारपीट कर दी। वही मारपीट के दौरान करण सिंह बुरी तरह घायल हो गया परिजनों ने पुलिस को शिकायत की जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ति को सिरोंज के शासकीय अस्पताल पहुंचाया जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैपर कर दिया। इस दौरान सिरोंज पुलिस ने उक्त घटना के बाद एक्शन लेते हुए पुनः फिर दर्ज करते हुए धारा 294, 323, 506 में बढ़ोतरी कर एससी एसटी एक्ट, बलबा की कायमी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मानस मंडल की बैठक में गरूण पुराण कथा की तैयारियों पर चर्चा



**बरेली।** मानस मंडल एवं सम्मेलन समिति स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष स्वर्ण जयन्ती मनाई जा रही है। 26 जनवरी से 1 फरवरी तक साप्ताहिक गरूण पुराण कथा आयोजन के संबंध में बैठक में चर्चा किए जाने के साथ 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर मानस सत्संग भवन पर लाइटिंग के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा की गई। पं. चन्द्रकांत शास्त्री की अध्यक्षता में हुई मानस मंडल सम्मेलन समिति के सदस्यों, पदाधिकारियों की बैठक में 26 जनवरी 2024 से प्रारंभ होने वाली श्री गरूण महापुराण कथा पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकालने पार्षद पूरन धाकड़ का संयोजक बनाया गया। स्वर्ण जयंती वर्ष पर होने वाली कथा के व्यापक प्रचार प्रसार, मानस मंडल के संस्थापक सदस्यों का सम्मान, नये सदस्य बनाने के साथ आयोजन के सफल आयोजन हेतु समितियों का भी गठन किया गया। बैठक में राधेश्याम पालीवाल, अनिल वर्मा, अनिल द्विवेदी ने विचार सुझाव रखे। संचालन सचिव संतोष गौतम ने एवं सभी का आभार योगेन्द्र तिवारी कनिष्ठ उपाध्यक्ष ने व्यक्त किया।

## स्प्रिंगफील्ड स्कूल में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**विदिशा।** स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में जाकर वहां जरूरतमंद लोगों को लायंस क्लब विदिशा मेन द्वारा 21 कंबल निशुल्क वितरित किए गए। क्लब लगातार जहां-जहां लोगों को आवश्यकता महसूस होगी, वहां-वहां कंबल वितरित करने का कार्य जारी रखेगा। इस अवसर पर महाराणा प्रताप कॉलेज के संचालक एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष यशवंत प्रताप सिंह राठौड़ ने कहा कि ठंड के सीजन में क्लब के द्वारा सेवा कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और जरूरतमंद, गरीब, निर्धन, असहाय, बेबस, लोगों की भरपूर सेवा, मदद की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के संचालक जॉन चेयरपर्सन योगेंद्र सिंह राणा ने बताया कि वह सदैव विभिन्न प्रकार से लोगों की मदद तो करते ही रहते हैं। परंतु लायंस क्लब के साथ कार्य करने में उन्हें अलग ही आनंद की अनुभूति होती है। राजकुमार सर्राफ प्रिंस ने कहा कि लायंस क्लब विदिशा मेंन सबसे पुराना क्लब है और इसमें सांसद, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, डॉक्टर, इंजीनियर आदि सदस्य के रूप में अपना योगदान प्रदान करते हैं।

## किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने महापौर प्रतिनिधि से भेंट की

**सागर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह राजपूत सहित मोर्चा के महामंत्री शैलेन्द्र सिंह, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रदीप राजौरिया, प्रदेश सहसंयोजक अर्पित पांडेय सहित भाजपा पदाधिकारियों ने महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी से भेंटकर सागर नगर में किये जा रहे डेयरी विस्थापन कार्य की सराहना करते हुये उन्हें धन्यवाद देकर बधाई दी। उन्होने कहा कि सागर शहर से डेयरियों को बाहर करने की वर्षो पुरानी मांग थी जिसे अब पूरा किया गया है। साथ ही उन्होनें महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी से आग्रह किया कि गौ संवर्धन के अंतर्गत गायों से प्राप्त होने वाली सामग्री जैसे दूध एवं गोबर से बनने वाली विभिन्न सामग्री को बनाने हेतु सयंत्र लगाया जाये ताकि पशुमालिकों को इससे लाभ हो और इस सामग्री के स्थानीय स्तर पर बनने से लोगों को काफी सुविधा होगी तथा नये रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। महापौर प्रतिनिधि ने भा.ज.पा. सदस्यों को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, रिशांक तिवारी आदि रहे मौजूद।

## सुखचैन वार्ड में कड़कड़ाती ठंड से बचने स्मृति सेवा न्यास ने बांटे गर्म कंबल

**देवरीकलां।** देवरी क्षेत्र में निराश्रित, असहाय एवं बेसहरा वर्ग की मदद कर समाजसेवा कार्य करने वाली संस्था श्रीमति त्रिवेणी लख्मीचंद स्मृति सेवा न्यास ने कड़कड़ती ठंड से बचाव के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर गरीब बुजुर्गो को गर्म कंबल भेंट किये। सेवा न्यास के संचालक नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अलकेश जैन ने बताया कि समिति द्वारा इस वर्ष पूर्व वर्षो की भांति देवरी नगर के विभिन्न वार्डो में बेसहारा, निराश्रित, असहाय वर्ग की मदद के उद्देश्य से गरीब परिवारों को गर्म कंबल बांटने का निर्णय लिया गया था। उसी के तहत नगर के सुखचैन वार्ड में गरीब परिवारों के बीच पहुँचकर उन्हे गर्म कंबल भेंट किये गये है। उन्होने बताया कि आगामी दिवस में नगर के अन्य वार्डो में लक्षयित वर्ग तक पहुँचकर कबंल वितरण किये जाने की योजना है।

### छात्रों ने शारीरिक बौद्धिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया



**विदिशा।** राष्ट्र सेविका समिति, विदिशा नगर की सरस्वती शाखा का वार्षिकोत्सव 8 जनवरी 2024 सोमवार को परिणय गार्डन में हुआ। इस 3 दिवसीय उत्सव में बहनों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी शारीरिक बौद्धिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में प्रतिभागियों को पुरुस्कार वितरण भी किये।समापन समारोह की अध्यक्षता इनर व्हील विदिशा की अध्यक्ष सुष्मिता दत्ता ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में समिति की विभाग कार्यवाहिका डॉ पिंकेशलता रघुवंशीजी रहीं।उन्होंने शाखा में नियमित आने का महत्व समझाते हुए बहनों को शाखा में आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में सरोज टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा उपस्थित रहीं। निर्णायक की भूमिका में सरस्वती विद्यालय की आचार्या नीता सोनी ,वरिष्ठ लेखिका रेखा दुबे, जिझौतिया ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्ष रागिनी मिश्रा उपस्थित रहीं। रागिनी मिश्रा ने राम मंदिर की सुंदर प्रतिकृति रंगोली के रूप में उकेर कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी।

# 350 मरीजों की हुई जांच, 50 मरीजों में मिला मोतियाबिंद

### डेफोडिल्स स्कूल में हुआ निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में लायंस क्लब एवं विजन केयर एवं भोपाल मेडीकोज के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 350 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिसमें 50 से अधिक लोगो को जांच में मोतियाबिंद निकला, 4 बच्चों को भेगांपन की विशेष बीमारी चिन्हित की गई। नेत्र शिविर के दौरान भोपाल से आए नैत्र चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र चावला, डॉ. नेहा विजलानी और उनकी टीम द्वारा डेफोडिल्स स्कूल पहुंचे नेत्र रोगियों की जांच की गई। इस अवसर पर ध्वज वंदना तरूणा ज्योतिषी द्वारा एवं लायंस क्लब अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने शब्दों एवं मोतियों की माला से सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. गजेन्द्र चावला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। नेत्र शिविर कार्यक्रम में पूर्व. डि. गर्वनर दिलीप धारीवाल, वीरेन्द्र वर्मा, सरिता वर्मा, अंजलि जैन, अरविन्द अग्रवाल, धर्मेन्द्र ठाकुर, विजय राठी, यशपाल सिंह, कौशलेन्द्र रघुवंशी, महेन्द्र रघुवंशी, हरेन्द्र रघुवंशी, राजीव सराठे, मुकेश चौधारी, तरूणा ज्योतिषी, राजेन्द्र ज्योतिषी, दीक्षा जैन, प्रीति मालपानी, प्राचार्य डॉ. सर्वेश्वर पाठक सहित स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ. गजेन्द्र चावला का दिलीप धारीवाल एवं क्लब अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा द्वारा सम्मान किया गया।



### खाटू श्याम के भजनों जमकर नाचे श्रोता



**ग्यारसपुर।** श्याम मित्र मंडली द्वारा श्याम भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शाम 7 से 10 बजे तक बाहर से आए भजन गायक गुनगुन, गुंजन, सोमू विश्वकर्मा के द्वारा अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देते ही श्रोताओं को आकर्षित कर दिया। कड़ाके की ठंड होने के बावजूद पूरे पंडाल में श्रोता काफी संख्या में भजन सुनने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर अलाव की व्यवस्था भी की गई थी। श्याम मित्र मंडली द्वारा श्याम का दरबार सजाया गया। जिसमें आए हुए सभी श्रद्धालुओं के द्वारा दर्शन किया गया माथा टेका गया। गायिका गुनगुन गुंजन की युगल जोड़ी द्वारा भजनों की प्रस्तुति सुनते ही श्रोता झूमने लगे और नाचने लगे। कार्यक्रम में ग्यारसपुर श्याम मित्र मंडली के भारत कुशवाहा, संदीप प्रजापति विजय श्रीवास्तव, मोनू सोनी, गोलू प्रजापति, धर्मेंद्र लोधी, अजय कुशवाहा, लकी जैन, बृजेश कुशवाह सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी कार्यकर्ता सहित हजारों की संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत बीलखेड़ी, हींगली पहुंची भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

सोमवार को ग्राम पंचायत बीलखेड़ी, हींगली में भारत संकल्प यात्रा पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करके किया। स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत गाया। सरपंच प्रतिनिधि बहादुर सिंह राजपूत ने अतिथियों का साफा बांधकर शाल श्रीफल से स्वागत किया।

सांसद प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक सीधे पहुंचाने एवं जोड़ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सभी ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली। जनपद उपाध्यक्ष नीलेश धाकड़ ने कहा कि भारत सरकार, मध्यप्रदेश सरकार का प्रयास है कि शासन की योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति को भी लाभ मिले।

भाजपा प्रभारी प्रहलाद यादव, मंडल अध्यक्ष राज कुमार कुशवाह ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी सभी ग्रामीणों से 22 जनवरी को अपने अपने घरों मंदिरों में दीप जलाकर मनाएं। केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर कार्यक्रम में केन्द्र शासन की योजनाओं के संबंध में जनसामान्य को दी गई जानकारी। रथ में वीडियो के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी दी। इस अवसर नायब तहसीलदार दर्शन लाल नेगी, सरपंच प्रतिनिधि बहादुर सिंह राजपूत, भाजपा नेता कमलेश मेहर,सरपंच दसरथ सिंह यादव, जनपद सदस्य प्रहलाद राजपूत, ठाकुर सिंह जादौन,मेहबर यादव,कुबेर सिंह, हरि सिंह गुर्जर,ब्रज बल्लभ शर्मा, हरि सिंह यादव,संतोष अहिरवार, संतोष कुशवाह, सुन्दर सिंह राजपूत, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील धाकड़ ने किया।




## कार्यालय नगरपालिका परिषद विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक/75/स्वा./2023 विदिशा दिनांक 04.01.2024

### // निविदा सूचना //

एतद् द्वारा समस्त स्वंयसेवी संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, विदिशा द्वारा तालिका में दर्शाये गये अनुसार नव निर्मित सार्वजनिक शौचालयों को संचालन संधारण वाह्य संस्था के माध्यम से कराया जाना है। जिनका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | शौचालय का स्थान | अमानत राशि | संचालन हेतु समय अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 32 सागर रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय | 5000/- | 30 वर्ष |
| 2 | बस स्टैण्ड परिसर स्थित सार्वजनिक शौचालय | 5000/- | 30 वर्ष |
| 3 | जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसार सिथत सार्वजनिक शौचालय | 5000/- | 30 वर्ष |
| 4 | जिला चिकित्सालय परिसार स्थित सार्वजनिक शौचालय | 5000/- | 30 वर्ष |
| 5 | पुराना नगर पालिका भवन कार्यालय सिटी कोतवाली के पास निकाय द्वारा निर्मित शौचालय। | 5000/- | 30 वर्ष |

उक्त शौचालय हेतु पंजीकृत संस्थाये अपने ऑफर सील बंद लिफाफे में दिनांक 12/02/24 को समय 03:00 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है प्राप्त ऑफर उसी दिनांक को उपस्थित संस्थाओं के प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेगे।

1. शौचालयो की नियमित साफ सफाई चयनित संस्था को करना होगी।
2. शौचालयो के सूचना पटल पर खुलने एंव बंद होने का समय डालना होगा।
3. विद्युत व्यय निकाय को भरना होगा। एंव जल आपूर्ति भी निकाय द्वारा की जावेगी।
4. शौचालय संचालन-संधारण की समस्त व्यवस्था चयनित संस्था द्वारा की जावेगी जिस हेतु निकाय द्वारा कोई राशि देय नही होगी।
5. शेष शर्ते निकाय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद विदिशा**

## बिजली सबस्टेशन से 30 लाख रुपए की चोरी करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

# जल्दी अमीर बनने की चाहत में की बड़ी चोरी अमीर तो बने नहीं पहुंच गए सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

पुलिस ने 10 दिन में ही जमुनिया खेजड़ा बिजली सब स्टेशन से 30 लाख रुपए की चोरी के मामले का पर्दाफाश करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में जलील मेवाती पिता रसूल खां उम्र 50 वर्ष, दीनदयाल भोई पिता हरप्रसाद उम्र 35 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मुरारी थाना ओबेदुल्लागंज, हफ़ीज़ मेवाती पिता जुम्मा खां उम्र 37 वर्ष निवासी कटी घाटी थाना सतलापुर, भैया मियां उर्फ अब्दुल वाहिद पिता वहीद खान उम्र 59 वर्ष निवासी न्यू कबाड़खाना सिंधी कालोनी भोपाल, शकील मंसूरी पिता सत्तार खां उम्र 33 वर्ष निवासी ऐशबाग भोपाल, राहुल पिता अर्जुन परिहार उम्र 28 वर्ष निवासी सेमरा भोपाल सहित शेख ओबेद पिता शेख उम्र 36 वर्ष निवासी सलामतपुर को गिरफ्तार कर 1 लोडिंग पिकअप वाहन एमपी 04 जीए 6645, 35 किलो कॉपर वायर, बिजली का पैनल, बैट्री सेट, चार्जर, कंट्रोल केबल लाइन, 2 पाने, एक बड़ा प्रेशर जेक जिससे ट्रांसफार्मर उठाया था, 19 क्विंटल लोहे की पत्ती ज़ब्त की है।

1 आरोपी राहुल परिहार को धारा 411 आईपीसी में सूचना नोटिस देकर थाने से छोड़ा गया और 6 आरोपियों को रायसेन न्यायालय पेश किया गया। जिनमें से तीन आरोपियों को जेल भेजा और तीन आरोपियों जलील मेवाती, दीनदयाल भोई और हफ़ीज़ मेवाती को दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। इन आरोपियों से चोरी गया कॉपर ज़ब्त करना है। चोरी की वारदात का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, एएसआई बीरबल सिंह, एएसआई रघुवीर दांगी, प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव, जितेन्द्र वर्मा, लखपद रघुवंशी और आरक्षक गगन शर्मा का महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**खास बातें**

- सलामतपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता
- एक हफ्ते तक की रेकी फिर जाकर चोरों ने दिया चोरी की वारदात को अंजाम।
- सभी आरोपियों को रायसेन न्यायालय में किया पेश
- 3 आरोपी 2 दिन के पुलिस रिमांड पर



### पहले एक हफ्ते तक की रेकी फिर दिया चोरी की वारदात को अंजाम

*शुरुआती जांच में पुलिस को जमुनिया खेजड़ा क्षेत्र के लाइनमैन वैद्यनाथ झड़बड़े से जानकारी मिली कि सलामतपुर के शेख ओबेद को कई बार सबस्टेशन के पास आते जाते देखा गया है। पुलिस ने शेख ओबेद को पूछताछ के लिए उठाया तो मामले का पर्दाफाश हुआ। उसने बताया कि एक हफ्ते तक जमुनिया खेजड़ा बिजली सबस्टेशन की रेकी की। फिर उसने 18 दिसंबर को हफ़ीज मेवाती को मौके पर बुलाकर बिजली सबस्टेशन दिखाया। तो हफ़ीज ने कहा कि यहां पर चोरी करना अकेले के बस का काम नही है 5 से 6 लोग और इस काम में लगेंगे। इन लोगों ने 4 और लोगों को अपने साथ मिलाकर 22 दिसंबर की रात्रि में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।*

### मंडीदीप में एक पुलिया के नीचे छुपाया माल

*आरोपियों ने चोरी का माल मंडीदीप की वर्धमान फैक्ट्री के पास स्तिथ एक पुलिया के नीचे छुपाया और कुछ दिन बाद ये माल भोपाल कबाड़खाने के भैया मियां जिनकी कबाड़खाने में तीन दुकाने टायरों की हैं को बेच दिया। वहीं लोहे की पत्तियों को विशाखा स्टील फैक्ट्री गोविन्दपुरा भोपाल के मैनेजर राहुल परिहार से सांठगांठ कर बेच दिया, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है।*

### कई गांवों में होती थी बिजली सप्लाई

*बिजली के सब स्टेशन से वेलस्पन फैक्ट्री और आसपास के गांवों में बिजली सप्लाई की जाती थी। यहां पर 3.15 एमबीए क्षमता का हेवी ट्रांसफार्मर रखा गया था। इसको रिज़र्व करके रखा जाता था। चोरी की घटना वाली रात्रि इसमें बिजली सप्लाई चालू नहीं थी। ये ट्रांसफार्मर इतना हेवी होता है कि इसको रखने के लिए हेवी क्रेन की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन चोरों ने इसे प्रेशर जेक लगाकर नीचे गिरा दिया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।*

### चोरी के मामले का किया पर्दाफाश

*चोरी के मामले का पर्दाफाश कर दिया गया है। न्यायालय द्वारा 3 आरोपियों जलील मेवाती, हफ़ीज मेवाती और दीनदयाल को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर दिया गया है। इनसे चोरी गए कॉपर क्वाइल की जब्ती करना है।*

*- **दिनेश सिंह रघुवंशी**, थाना प्रभारी सलामतपुर।*

### 550 किलो कॉपर वाइंडिंग और ऑयल की जब्ती बाकी

पुलिस ने जमुनिया खेजड़ा बिजली सबस्टेशन से चोरी के मामले का खुलासा कर दिया है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है, लेकिन लगभग 550 किलो कॉपर वाइंडिंग और 2500 लीटर ऑयल की जब्ती अभी नही की गई है। चोरी गए माल में कॉपर और आयल ही सबसे कीमती हैं।

- **मनीष कुमार श्रीवास्तव**, जेई विद्युत वितरण कंपनी सलामतपुर।

### जल्दी अमीर बनने की चाहत में वारदात को दिया था अंजाम

*6 चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को इसलिए अंजाम दिया था क्योंकि यह जल्दी अमीर बनना चाह रहे थे। पकड़े गए चोर कई दुकानों के मालिक हैं। आरोपी भैया मियां की भोपाल के न्यू कबाड़खाने में टायरों की 3 दुकाने हैं और वह कबाड़े का माल भी खरीदते हैं। शकील मंसूरी निवासी ऐशबाग की भी भोपाल के प्रभात चौराहे के पास वाशिंग सेंटर की दुकान है। वहीं गोविन्दपुरा इंडस्ट्रीयल क्षेत्र में विशाखा स्टील फैक्ट्री के मैनेजर राहुल परिहार जो फैक्ट्री में मैनेजर जैसे बड़े ओहदे पर होने के बाद भी उसने चोरी का माल खरीद लिया। अन्य शेख ओबेद, जलील मेवाती, हफ़ीज मेवाती और दीनदयाल भोई यह लोग अमीर तो नही बन पाए सलाखों के पीछे ज़रूर पहुंच गए।*

## सप्ताह भर बाद दिखाई दिए सूर्यदेवता

# शीतलहर व कोहरा का दौर जारी, घरों में दुबके लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जिलेभर में नए साल के पहले दिन से शीतलहर एवं सुबह सुबह घने कोहरा का दौर चला आ रहा है। वहीं दिनभर लोग सूर्य देवता को भी देखने तरस गए। वहीं सोमवार को शहर के मौसम में हल्का सा बदलाव आया और सुबह के समय अच्छी धूप खिली, जिससे लोगों ने कुछ हद तक राहत की सांस ली।

वहीं सुबह सुबह छा रहे कोहरे से वाहन चालकों सहित सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि घना कोहरा छाने से दृश्यता घट कर महत 40 से 50 मीटर ही रह जाती है, जिससे सामने वाले वाहन दिखाई नहीं देते है, जिसके चलते हादसें का डर बना रहता है।

मौसम खराब एवं शीतलहर चलने से फसलों की ग्रोथ नहीं हो पा रही है, जिससे किसान चिंतित हैं। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से ओले के साथ बारिश होने की संभावना है। ऐसा मौसम आगामी 10 जनवरी तक बने रहने का अनुमान है।

## नाली निर्माण न होने से बन रहे ऐसे हालात

# सड़क पर बहते पानी से 12 महीने मची रहती है कीचड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम अंबाडी के गद्दी करार मोहल्ले में सड़क पर 12 महीने पानी बहता रहता है। जिससे सड़क पर बहुत कीचड़ हो रही है। इसी वजह से यहां पर चलना भी मुश्किल हो जाता है। मोहल्ले वासियों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर पानी बहने का मुख्य कारण नालियों का निर्माण नहीं होना है। वहीं सड़क पर बहते इस पानी से हो रही कीचड़ में लोग आए दिन गिरकर घायल हो जाते हैं। वाहन चालक भी गिर जाते हैं। वहीं सड़क पर पानी की वजह से मच्छर मक्खी का प्रकोप भी बढ़ रहा है। जिससे लोगो को बीमार होने के खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नाली निर्माण करवाने की मांग की है।

स्थानीय रहवासी बृजेश ने बताया कि मुख्यमार्ग पर हो रही कीचड़ गंदगी की वजह से आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। कई बार समस्या को लेकर शिकायत की गई है। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नही हुआ है।

वहीं रहवासी लखन सिंह ने बताया कि नाली न बनने के कारण गद्दी करार मोहल्ले की सड़क पर 12 महीने कीचड़ और गंदगी का अंबार रहता है। गंदगी के चक्कर में मच्छर हो रहे हैं। जो बीमारी का कारण बन रहे हैं। शीघ्र ही हमारी सुनवाई नही हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

अगर किसी को भोपाल के गंदे नाले के नजारे देखना हो तो वह भोपाल ना जाकर गद्दी करार आ जाए यहां पर चारों और गंदगी कीचड़ का अंबार लगा हुआ है। बच्चे घर से स्कूल जाने के लिए ड्रेस पहनकर निकलते हैं लेकिन रास्ते मे ही कीचड़ के चलते कपड़े खराब करके वापस आ जाते हैं। शासन प्रशासन से मांग है कि समस्या का जल्दी ही निराकरण किया जाए।

# 15 जनवरी तक लोगों को वितरित किए जाएंगे अक्षत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले उपखंड दीवानगंज में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आयें परम पवित्र पूज्य अक्षत वितरण का कार्य आज से प्रारंभ हो गया है। ये पूज्य अक्षत वितरण का कार्य 1 जनवरी से 15 जनवरी तक होना है। अक्षत वितरण का कार्य विहिप, संघ ओर समाज के समय दानी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। जिसमें समस्त ग्रामों की महिला पुरुष बड़े ही बढ़ चढ़ के हिस्सा ले रहें हैं । ओर घर घर पहुंच कर श्री राम लला जी के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण अक्षत वितरण कर रहे हैं।

22 जनवरी को श्रीरामलला जी प्राण प्रतिष्ठा पर समस्त समाज मिलजुल कर मंदिरों पर भजन कीर्तन, सुंदर काण्ड, रामायण या कोई भी धार्मिक आयोजन करने ओर उसी दिन शाम को अपने अपने घरों पर ज्योत और दीपक जलाकर कर श्री रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा पर देशभर में दीपावली का माहौल हो ऐसा आव्हान किया जा रहा है। रविवार शाम को सभी ग्राम वासियों ने मिलकर दीवानगंज में हर घर जाकर अक्षत वितरण किए गए।

सभी से आग्रह किया कि सभी लोग अयोध्या धाम मंदिर 22 जनवरी को पहुंचे। जब ग्राम वासी अक्षत बांट रहे थे उसे समय चारों ओर जय जय श्री राम के नारे गूंज रहे थे।





### श्रीमद्भागवत कथा सुनने पहुंचे विधायक पटेल

**सिलवानी।** नगर के वार्ड नं 7 गांधी नगर (पड़ान) में कथा व्यास पं भूपेंद्र शास्त्री के मुखारविंद से सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को विधायक देवेंद्र पटेल कथा कार्यक्रम में शामिल हुए तथा कथा व्यास का शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा व्यास गादी की पूजा अर्चना की और कथा श्रवण की। यहां पर विधायक श्री पटेल ने सभी की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप शर्मा, थान सिंह लोधी, विट्टू राय, बृजेंद्र बडेद्दा, दिनेश कुशवाह, छबील कुशवाह, रामसिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ज्ञान सागर और मैसी इलेवन ने जीते मैच, जेआर सेनेटरी क्रिकेट कप प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

◆ *कॉलेज के खेल मैदान पर की गई प्रतियोगिता आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के कॉलेज खेल मैदान पर जेआर सेनेटरी क्रिकेट कप प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें नगर की क्रिकेट टीमो ने भाग लेकर बेहतर खेल का प्रदर्षन किया। मैंच देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

पहला मेंच ज्ञान सागर क्रिकेट टीम व कृष्णा इलेवन के बीच खेला। पहले बल्लेबाजी करते हुए ज्ञान सागर टीम के खिलाड़ियो ने 20 ओवर में 116 रन बनाए तथा कृष्णा इलेवन को 117 रन बनाकर मैंच जीतने की चुनौती दी। ज्ञान सागर के द्वारा दिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णा इलेवन मात्र 105 रन बना कर पवेलियन लौटगए। इस तरह ज्ञान सागर ने यह मैंच 11 रनो से जीत लिया। ज्ञान सागर के गेंदबाज चंदू ने 3 विकेट प्राप्त किए, जिस पर उसे मेंच का विनर घोषित किया।



प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला राइस इलेवन तथा मैसी इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मैसी इलेवन ने 18 ओवर में 108 रन बनाए, विषु ने सर्वाधिक 15 रनो का योगदान दिया। जवाब में राइस इलेवन की पूरी टीम मात्र 92 रन पर ही आउट हो गई। इस तरह मैसी इलेवन ने 16 रनो से मैंच जीत लिया। इस मैंच का विनर विशु को चुना। मैंच के विनर विशु व चंदु को प्रतियोगिता समिति अध्यक्ष इमरान खान व जेआर सेनेटरी के संचालक आयुष जैन द्वारा पुरुष्कार देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रतियोगिता समिति अध्यक्ष इमरान खान, उपाध्यक्ष दीपेश जैन, संयोजक धर्मेश जैन, आशीष कुमार, रामकुमार रघुवंशी, राकेश राय व जेआर सेनेटरी के संचालक आयुष जैन द्वारा खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में अखिलेश बजाज के द्वारा सक्रिय सहयोग दिया गया।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई टीएल बैठक में कलेक्टर ने कहा...

# जिले की मतदाता सूची में दर्ज हो सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट में टीएल बैठक आयोजित हुई, जिसमें कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों तथा उनके निराकरण संबंधी कार्यवाहियों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए गए।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि जिले में पदस्थ सभी शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों का नाम जिले की मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए। वर्तमान में 06 जनवरी से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिन अधिकारियों, कर्मचारियों के नाम जिले की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वह प्राथमिकता से यहां की मतदाता सूची में नाम जुड़वा लें।




### इन विभागों की कलेक्टर ने की समीक्षा

*बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, राजस्व, जनजातीय कार्य विभाग, पीएचई सहित अन्य विभागों की गतिविधियों तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज अग्निवंशी सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।*

# अक्षत देकर 22 जनवरी को श्रीराम महोत्सव मनाने की कर रहे अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जिला बरेली प्रखंड बाड़ी के विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में चलाए जा रहे भगवान श्रीराम प्रतिष्ठा समारोह महोत्सव में अपनी आहुति देने के लिए लोगों में जन जागृति अभियान के तहत भगवान श्रीराम के अयोध्या से आए अक्षत्रों का घर घर जाकर वितरण किया जा रहा है।

इस अभियान को विश्व हिंदू परिषद ने और प्रखंड प्रमुखों ने जन जागृति अभियान के तहत हर मोहल्ला हर घर हर गांव जाकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को महोत्सव के रूप में मंदिर को सजाने की अपील की जा रही है। अनेक संगठनों द्वारा इसमें हिस्सेदारी ली जा रही है सभी हिंदू संगठन लोगों से अपील कर रहे हैं। आपको अपने घर में मंदिर की तरह सजावट का अयोध्या की तरह घर को सजाना है और पुष्प दीपक जलाकर घर को मंदिर बनाना है।



घर-घर जाकर सामाजिक संगठन हिंदू संगठन लोगों से अपील करने में जुटे हुए हैं। लगातार बाड़ी क्षेत्र में आठवें दिन प्रखंड एवं विश्व हिंदू परिषद हिंदू संगठनों ने बीड़ा उठा रखा है और लोगों को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के विषय में लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में मठ मंदिर सजाने का कार्यक्रम शुरू हो गया है। हिंदू संगठन लोगों को अनुरोध कर रहे हैं कि हर घर हर गांव हर मोहल्ला हर शहर अयोध्या की तरह जगमग हो जाए ऐसी रूपरेखा तैयार की जा रही है।

## मां काली को बलि चढ़ाने श्रीराम लक्ष्मण को ले गया था अहिरावण

# पाताल लोक के राजा अहिरावण का वध कर प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण को पाताल से वापस ले आए श्रीहनुमंत लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को श्रीरामलीला में अहिरावण वध की लीला का मंचन किया। लीला के अनुसार लंका पति रावण को उनकी धर्मपत्नी मंदोदरी बार-बार समझती है, परंतु अहंकारी रावण अपने पुत्र अहिरावण जो की पाताल लोक में रहता था उसे बुलाने के लिए आह्वान करता है।

इस प्रकार विचार कर अहिरावण पाताल लोक से रावण के पास आता है और कहता है कि कहिए पिता श्री मुझे क्यों बुलाया है इधर रावण अहिरावण को पूरी दास्तान सुनाता है जिस पर अहिरावण अपने पिता रावण से आज्ञा लेकर और मन में विचार करते हुए रामा दल की ओर बढ़ता है और छल कपट के साथ विभीषण का रूप धारण कर लेता है और रामा दल के भीतर प्रवेश कर जाता है पहरे पर हनुमान जी होते हैं परंतु अहिरावण श्री राम जय राम जय जय राम करते हुए प्रवेश करता है तो हनुमान जी समझते हैं कि कोई भक्त रामादल का ही मेरे प्रभु राम का नाम ले रहा है। इस प्रकार से इस प्रकार से अहिरावण भगवान राम और लक्ष्मण को सोते हुए अवस्था में ही चोरी कर पाताल लोक के लिए ले जाता है, जहां वह मां कालका को श्रीराम लक्ष्मण की बलि चढ़ाने की कोशिश करता है तभी हनुमान जी को पता चलता है कि अहिरावण श्रीराम-लक्ष्मण को चुरा ले गया है तो वह पाताल लोक के लिए चल पड़ते हैं। द्वार पर उन्हें पहरेदार के रूप में मकरध्वज मिलता है, जो कि अपने को हनुमान पुत्र बताता है।



हनुमान जी के पूछने पर वह बताता है कि आपने लंका जलाने के बाद अपनी पूंछ बुझाने आप समुद्र में पहुंचे थे तभी आपकी पसीने की बूंद से मछली को गर्भधारण हो गया था वहीं से मेरा जन्म हुआ है, परंतु मैं पाताल लोक के राजा अहिरावण का पहरेदार हूं मैं आपको कैसे अंदर जाने दूंगा।

इस दौरान मकरध्वज और हनुमान जी के बीच युद्ध होता है, जिसमें मकरध्वज को हनुमान जी परास्त कर देते हैं और जहां भगवान राम लक्ष्मण थे वहां पहुंच जाते हैं। जैसे ही अहिरावण राम लक्ष्मण को मारने के लिए अपनी तलवार उठाता है तो हनुमान जी आ जाते है। इस दौरान अहिरावण और हनुमान जी के बीच लंबे समय तक युद्ध चला अंत में हनुमान जी ने अहिरावण का वध कर दिया और प्रभु राम और लक्ष्मण को अपने कंधों पर बैठा कर उन्हें वापस रामादल ले आए। इस समय हनुमान की भूमिका अनिल पाराशर एवं अहिरावण की भूमिका कमल बैरागी ने निभाई।

वहीं आज मंगलवार को रामलीला मैदान में कलाकारों द्वारा नाराणतक वध की आकर्षक लीला का मंचन किया जाएगा।